आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 20.02.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने अरूणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थापना दिवस पर द्वीपसमूह में रहने वाले इन राज्यों के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है।

2. पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड के अध्यक्ष एवं कार्यकारी निदेशक ने द्वीपों के उपराज्यपाल के साथ मुलाकात की।

3. भारतीय रिजर्व बैंक ने 'आर बी आई डेटा' नाम से एक मोबाइल ऐप शुरू किया–यह लोगों को अर्थव्यवस्था से संबंधित आर्थिक और वित्तीय आंकड़े उपलब्ध कराएगा।

4. द्वीप पर्यटन हितधारकों का एक प्रतिनिधिमंडल दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी पर्यटन प्रदर्शनी सेटे में भाग ले रहे है।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने अरूणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थापना दिवस पर द्वीपसमूह में रहने वाले इन राज्यों के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है। अरुणाचल प्रदेश, "भोर से जगमगाते पहाड़ों की भूमि" है। लुभावनी भूमि जहां सूरज की पहली किरणें भारतीयों को छूती हैं। उप–महाद्वीप. इसे "उगते सूरज की भूमि" के रूप में भी जाना जाता है और मिजोरम नीले पहाड़ों में स्थित पूर्वोत्तर भारत का सबसे दक्षिणी भाग, हरी–भरी पहाड़ियों का स्वर्ग है। इसकी जीवंत सांस्कृतिक विरासत, सामंजस्यपूर्ण जीवन शैली अदम्य है। उन्होंने कामना की है कि यह राज्य शांति और सद्भाव के साथ आगे बढ़ते रहें।

<><><><><><><>

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के कार्यकारी निदेशक संदीप जैन और बोर्ड के सदस्यों ने द्वीपों के उपराज्यपाल और द्वीप विकास एजेन्सी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी के साथ राजनिवास में मुलाकात की। अधिकारियों की टीम ने उपराज्यपाल के समक्ष द्वीप समूह में प्राकृतिक गैस के बुनियादी ढांचे के विकास पर एक प्रस्तुति दी। तथा एल पी जी में घरेलू खपत को और आसान एवं सुविधाजनक बनाने के लिए चर्चा की।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने जंगलीघाट में आयुष अस्पताल से होते हुए जंगलीघाट स्कूल और शमशान घाट के बीच सड़क की खस्ता हालत के संबंध में लोक निर्माण विभाग के सचिव और मुख्य अभियंता, को पत्र लिखा है। अपने पत्र में सांसद ने यात्रियों को होने वाली कठिनाइयों का हवाला देते हुए सड़क की तत्काल मरम्मत और नवीनीकरण का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सड़क की खराब स्थिति के कारण, लोगों को दुर्घटनाओं और आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सांसद ने बताया कि बाजार क्षेत्र से शमशान घाट तक उचित जल निकासी सुविधाओं की कमी के कारण बरसात के मौसम में जलभराव होता है, जिससे सड़क के बुनियादी ढांचे को और नुकसान पहुंचता है। उन्होंने भविष्य में होने वाले नुकसान को रोकने के लिए सड़क की मरम्मत के साथ—साथ आवश्यक जल निकासी व्यवस्था करने का भी आग्रह किया है ।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक ने 'आरबीआईडेटा' नाम से एक मोबाइल ऐप शुरू किया है, जो लोगों को भारतीय अर्थव्यवस्था से संबंधित व्यापक आर्थिक और वित्तीय आंकड़े उपलब्ध कराएगा। बैंक ने एक बयान में कहा कि यह ऐप भारतीय अर्थव्यवस्था से संबंधित आर्थिक डेटा की ग्यारह हजार से अधिक विभिन्न श्रृंखलाएं उपलब्ध कराएगा। उपयोगकर्ता डेटा डाउनलोड भी कर सकते हैं। ऐप में डेटा के स्रोत का विवरण भी शामिल है। इसमें एक लोकप्रिय रिपोर्ट खंड भी है, जिसमें बार—बार देखी जाने वाली रिपोर्टों की श्रृंखला शामिल है। ऐप के जरिये उपयोगकर्ताओं अपने आसपास बीस किलोमीटर के क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे।

<><><><><><><>

द्वीप पर्यटन हितधारकों का एक प्रतिनिधिमंडल दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी पर्यटन प्रदर्शनी सेटे में भाग ले रहे है, जो कल यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, द्वारका, दिल्ली में शुरू हुई। अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स के अध्यक्ष एम.विनोद के नेतृत्व में सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल सैटे में भाग ले रहा है। मुग्धा सिन्हा, पर्यटन मंत्रालय के महानिदेशक ने मंत्रालय के अधिकारियों के साथ मकरुज़ और आटो द्वारा बनाए गए अंडमान मंडप का दौरा किया। प्रतिभागियों ने अच्छी तरह से डिज़ाइन किए गए स्टॉल के माध्यम से ब्रांड अंडमान का प्रचार किया। यह मेला` 21 फरवरी तक चलेगा। आटों के अध्यक्ष एम विनोद ने कहा कि ऐसे बड़े मेलों में भाग लेने से निश्चित रूप से ब्रांड अंडमान को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय स्तर पर और द्वीप पर्यटन हितधारकों को पूरे देश के विभिन्न ट्रैवल एजेंटों के साथ बातचीत करने का अवसर भी प्रदान करता है

<><><><><><><>

अबरडीन पुलिस की टीम ने घरेलू एल पी जी सिलेंडरों की चोरी के आरोप में एक व्यक्ति को तथा इन सिलेण्डरों को खरीदने वाले दो अन्य व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया। सिलेंडरों की चोरी का यह मामला ग्यारह फरवरी को सामने आया, जब बाबू लेन निवासी ने पुलिस को बाईस घरेलू सिलेण्डरों की सूचना दी। जांच के दौरान संदिग्ध की पहचान विशाल सिंह के रूप में की गई। आरोपी से पूछताछ के बाद चोरी के सिलेण्डर बरामद कर लिए गए। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि वे किसी भी अवैध गतिविधियों के खिलाफ जानकारी साझा करें।

<><><><><><><>

ब्रिचगंज स्थित चिन्ते लौंग रेंज में फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास आज सवेरे साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। आम जनता से अपील की गई है कि वे इस दौरान अपनी सुरक्षा का ध्यान रखे और फायरिंग रेंज से दूर रहे। साथ ही इस अवधि मे किसी भी प्रकार के वाहन और मवेशियो को फायरिंग क्षेत्र से दूर रखने की सलाह दी गई है।

उधर, आज और कल नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वीप में भी फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास आज और कल शाम छह बजे से रात ग्यारह बजे तक चलेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से आगामी स्वामी विवेकानन्द अंडर–20 पुरूष राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। चयन ट्रायल जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फुटबॉल मैदान में दो मार्च को सुबह नौ बजे से आयोजित होगा। इसमें एक जनवरी दो हजार छः से इक्कतीस दिसम्बर दो हजार आठ के बीच जन्मे खिलाड़ी चयन ट्रायल के साथ–साथ फुटबॉल चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए पात्र होंगे।

<><><><><><><>

अतुल स्मृति समिति बंगाली क्लब की ओर से कल अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम शाम सात बजे आरंभ होगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान और अरुणाचल प्रदेश स्थित क्यारी ने संयुक्त रूप से कल "वैज्ञानिक सुअर पालन और पिगलेट वितरण" पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश के कुल तिहत्तर किसान शामिल हुए। एनआरसी ऑन याक के निदेशक डॉ. मिहिर सरकार ने अपने संबोधन में किसानों को सुअर पालन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने सुअर पालन के लाभ पर भी प्रकाश डाला। श्री विजयपुरम के क्यारी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरुण कुमार डे ने प्रशिक्षुओं को जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में देशी नस्लों के महत्व और शून्य बजट मॉडल के माध्यम से सूअर पालन के आर्थिक लाभों के बारे में जानकारी दी। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. देबाशीष भट्टाचार्य ने सूअरों में स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों और वन हेल्थ कार्यक्रम के तहत रोग की रोकथाम पर चर्चा की। एनआरसी ऑन याक के वैज्ञानिक डॉ. शुभम लोत ने याक किसानों के आर्थिक उत्थान के लिए विषय के महत्व पर प्रकाश डाला। संवाद सत्र के दौरान, किसानों के आर्थिक लाभ के लिए बधियाकरण के महत्व पर जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

पी एन जी आर बी के अध्यक्ष और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के कार्यकारी निदेशक एवं बोर्ड के सदस्यों के उपराज्यपाल से मुलाकात कर द्वीपों में प्राकृतिक गैस के बुनियादी ढ़ांचे के विकास पर चर्चा करने के समाचार को द्वीप समाचार ने प्रथम पृष्ठ पर सचित्र प्रकाशित किया है। दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में चल रहे दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी पर्यटन प्रदर्शनी सेटे में द्वीप पर्यटन हितधारकों के एक प्रतिनिधिमंडल के भाग लेने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है। चिन्मय मिशन में वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए जाने के समाचार को द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने अंतिम पन्ने में प्रकाशित किया है। पहाड़ गांव पुलिस स्टेशन ने दो लोगों को गिरफ्तार कर सोने के आभूषण चोरी करने के मामले को सुलझाने के समाचार को इंफो इंडिया ने प्रथम पृष्ठ छापा है, साथ ही अखबार ने समुद्री कृषि नीति–दो हजार पच्चीस के माध्यम से नीली अर्थव्यवस्था की संभावनाओं का दोहन पर मसौदा नीति तैयार करने के समाचार को भी प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। जबकि श्री विजयपुरम के बिग्गी लाईन में अण्डमान निकोबार अग्निशमन के त्वरित कार्रवाई के कारण बडी आग लगने की घटना टलने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>